06 सन्मार्ग कोलकाता
गुरुवार, 18 अगस्त, 2022

मीनू बुधिया आर्किटेक्ट ऑफ चेंज पुरस्कार से सम्मानित

कोलकाता : पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से पूर्वी भारत के सबसे बड़े ब्रांड सम्मेलन "ब्रांडएज 2022" का आयोजन आइटीसी सोनार, कोलकाता में किया गया। ब्रांडिंग के भविष्य, रचनात्मक कम्युनिकेशन तथा अन्य विषयों पर चर्चा सत्र के अलावा एक समापन सत्र आयोजित किया गया जहां केयरिंग माइंड्स, आइकैनफ्लाई और कैफे आईकैनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक साइकोथेरपिस्ट मीनू बुधिया को "आर्किटेक्ट ऑफ चेंज" के तौर पर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके बेहतर भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेलिंडा पावेक (कौंसल जनरल, यूएस कौंसुलेट जनरल, कोलकाता) और डॉ धृति बनर्जी (निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण) उपस्थित थे। अवार्ड ग्रहण करते हुए बुधिया ने कहा, " परिवर्तन की वास्तुकार के तौर पर पुरस्कृत किये जाने पर मैं सम्मानित और विनम्र महसूस कर रही हूं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया को इस मान्यता के लिए धन्यवाद। मेरा सबसे बड़ा धन्यवाद मेरी छोटी बेटी प्राची के लिए है, जो विशेष आवश्यकता वाली बच्ची है। उसने ही मुझे प्रेरित किया कि मैं न केवल परिवर्तन ही लाऊं बल्कि परिवर्तित भी हो जाऊं।